### एक नजर में

## माँ अन्नपूर्णा का प्राकट्य उत्सव आज



इंदौर. शहर के प्रमुख आस्था केंद्र अन्नपूर्णा मंदिर पर मार्गशीर्ष शुक्ल पूर्णिमा 4 दिसम्बर को सुबह 5 से 7.30 बजे तक माँ अन्नपूर्णा का प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में सुबह अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन के पश्चात अभिमंत्रित बरकती सिक्कों का वितरण भी होगा. मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरि, न्यासी मंडल के विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया मोयरा, श्याम सिंघल, सत्यनारायण शर्मा एवं सुनील गुप्ता ने बताया कि पूर्णिमा के दिन माँ पार्वती के अन्नपूर्णा स्वरुप के अवतरण को प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है. मान्यता है कि इसी दिन माँ पार्वती ने अन्नपूर्णा का रूप धारण किया था. इसी दिन माँ अन्नपूर्णा की आराधना करने से उनकी कृपा से घर में अन्न की कमी नहीं होती. अन्नपूर्णा आश्रम भक्त मंडल की ओर से गुरुवार को सुबह 5 से 7.30 बजे तक अभिषेक पूजन और उसके बाद अभिमंत्रित बरकती सिक्कों का वितरण किया जाएगा.

## विश्व दिव्यांग दिवस पर विशेष खेल प्रतियोगिता



इंदौर. विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इसमें इंदौर डेफ बाइलिंगुअल अकादमी के कक्षा 8वीं से 11वीं तक के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने किया. प्रतियोगिता के संचालन में इंटरप्रेटर संजय पंडित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कार्यक्रम में डॉ. क्षमा पैठणकर, फैकल्टी सदस्य और छात्र उपस्थित रहे. आयोजन का संयोजन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राघव जायसवाल ने किया.

## पोषण विशेषज्ञों के शोध निष्कर्षों पर की चर्चा



इंदौर. इंडियन डायटेटिक एसोसिएशन मध्य प्रदेश चैप्टर ने कैलिफ़ोर्निया के आलमंड बोर्ड के सहयोग से सयाजी होटल में न्यूट्रीशन और डायटेटिक्स प्रोफेशनल्स के लिए एक शैक्षिक सत्र आयोजित किया. इस सत्र का उद्देश्य बादाम के समृद्ध पोषण प्रोफाइल और इसके स्वास्थ्य लाभों को उजागर करना था, जब इसे दैनिक संतुलित आहार का हिस्सा बनाया जाए. न्यूट्रीशन और वेलनेस कंसल्टेंट, शीला कृष्णास्वामी के नेतृत्व में, इस सत्र में प्रमुख स्वास्थ्य और पोषण विशेषज्ञों द्वारा किए गए तीन शोध अध्ययनों के निष्कर्षों की चर्चा की गई. शोध निष्कर्षों में बादाम के विविध स्वास्थ्य लाभों को उजागर किया गया, जैसे लाभकारी आंत बैक्टीरिया का समर्थन करना और पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, मांसपेशियों में दर्द कम करना, एक्सरसाइज के बाद रिकवरी में मदद करना, और एशियाई भारतीयों में मधुमेह और हृदय रोग के जोखिम को संभावित रूप से कम करना. इस कार्यक्रम के बाद एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें शीला कृष्णास्वामी के साथ डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, सीनियर क्लिनिकल डायटिशियन, विनिता जैसवाल, संयोजक, आईडीए मध्य प्रदेश, क्लिनिकल डायटिशियन और वेलनेस एक्सपर्ट, और डॉ. प्रीति शुक्ला, एनईसी-आईडी, क्लिनिकल डायटिशियन शामिल थीं।

## रिक्शा चालक ने फांसी लगा ली



इंदौर. खातीपुरा इलाके में पारिवारिक तनाव से घिरे एक युवक ने पांच हजार रुपए न मिलने पर कमरे में फांसी लगा ली. युवक लंबे समय से आर्थिक और भावनात्मक संकट झेल रहा था, पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है. हीरानगर थाना क्षेत्र के खातीपुरा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान 23 वर्षीय शुभम पिता महिपाल के रूप में हुई है, जो रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था. परिजनों के अनुसार शुभम की मां की 2002 में सर्पदंश से मौत हो गई थी और बाद में पिता भी कैंसर के कारण चल बसे. इसके बाद वह नाना-नानी के साथ ही रहता था. दो साल पहले हुए हादसे के बाद मिले क्लेम से उसने ई-रिक्शा खरीदी थी. मंगलवार को शुभम ने नानी से पांच हजार रुपए मांगे थे. नानी द्वारा बाद में पैसे देने की बात कहने पर वह नाराज होकर कमरे में चला गया और फांसी लगा ली. भाई ने फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया. हीरानगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## नाबालिग के गर्भवती होने पर दुष्कर्म का खुलासा

इंदौर. आजाद नगर क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों को उसके साथ दुष्कर्म का पता चला. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ले में ही रहने वाले नाबालिग आरोपी पर पॉक्सो सहित दुष्कर्म का केस दर्ज किया है. आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. 15 वर्षीय पीड़िता के गर्भवती होने पर परिजनों की पूछताछ में उसके साथ बलात्कार की जानकारी मिली. परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई. जांच में सामने आया कि वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी भी मोहल्ले का ही नाबालिग है. पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## किराया मांगने पर पत्नी और भाभी पर चाकू से हमला

इंदौर. नंदानगर में किराये को लेकर हुए पारिवारिक विवाद ने खतरनाक रूप ले लिया. पति ने बहन के साथ मिलकर पत्नी और भाभी पर चाकू से वार कर उन्हें घायल कर दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज जांच शुरु की. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र की नंदानगर कॉलोनी में घर के किराये को लेकर हुए विवाद में एक पति ने अपनी पत्नी शिखा शुक्ला और भाभी अलका तिवारी पर चाकू से हमला कर दिया. पुलिस के मुताबिक, शिखा किरायेदारों से किराया ले रही थीं, तभी पति जीतेन्द्र शुक्ला ने किरायेदारों को कहा कि किराया उसे दिया जाए. इस पर शिखा ने खर्च के पैसे न मिलने का मुद्दा उठाया, जिससे वह भड़क गया. पहले दोनों के बीच गाली-गलौज और हाथापाई हुई, फिर जीतेन्द्र ने बहन सीमा शर्मा के साथ मिलकर चाकू से हमला किया. बीच-बचाव करने पर भाभी भी घायल हुई. शोर सुनकर लोग जुटे तो आरोपी भाई-बहन मौके से भाग निकले और जाते समय जान से मारने की धमकी दे गए. पुलिस ने दोनों पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## अ.भा. संत सम्मेलन का शुभारंभ आज से

इंदौर. बिजासन रोड स्थित प्राचीन अविनाशी आश्रम अखंड धाम पर 58 वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन का आयोजन 4 से 10 दिसंबर तक होगा। सम्मेलन में जगद्गुरु शंकराचार्य सहित देश के जाने-माने 50 से अधिक संत, विद्वान, महामंडलेश्वर एवं तपस्वी संत आएंगे। आश्रम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतनस्वरूपजी महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक संत-विद्वानों के प्रवचन होंगे. आयोजन समिति के स्वागताध्यक्ष विष्णु बिंदल, अध्यक्ष हरि अग्रवाल, संयोजक अशोक गोयल, महासचिव दीपक जैन टीनू, संगठन सचिव भावेश दवे एवं कोषाध्यक्ष किशोर गोयल ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ गुरुवार, 4 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज एवं मुंबई के महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती के आतिथ्य एवं जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ की अध्यक्षता, समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल के विशेष आतिथ्य में होगा।

# युवा पीढ़ी को सनातन धर्म से जोड़ने का पुरुषार्थ करें : वागधीश बाबाश्री

**गीता जयंती महोत्सव में संतों के आशीर्वचन**

**आज महोत्सव का समापन एवं संतों का सम्मान**





इंदौर. आज हमारी युवा पीढ़ी सोशल मीडिया, लव जिहाद, प्रेम प्रसंगों, धर्म परिवर्तन और अन्य प्रपंचों में उलझकर स्वधर्म से विमुख होती जा रही है. समाज की इस विकृति को रोकने के लिए हम सबको एकजुट होना पड़ेगा. यह किसी एक व्यक्ति या समाज नहीं, हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम अपने सनातन धर्म पर मंडरा रहे खतरे को समय रहते भांपकर अपने बच्चो को श्रेष्ठ संस्कारों से अलंकृत बनाएं. देश को संस्कारों से समृद्ध बनाकर विश्व गुरु का गौरव तभी मिलेगा जब हम अपनी आने वाली पौध को इन तमाम विकृतियों से बचाकर सनातन धर्म से जोड़ने का पुरुषार्थ करेंगे. गीता में इन सभी संशयों का समाधान और उपाय मौजूद है.

ये विचार हैं युवा वैष्णवाचार्य और विट्ठलनाथ मंदिर नाथद्वारा, उदयपुर से आए गोस्वामी वागधीश बाबाश्री महाराज के, जो उन्होंने बुधवार को गीता भवन में चल रहे 68वें अ.भा. गीता जयंती महोत्सव की धर्मसभा में उपस्थित हजारों भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज की अध्यक्षता में चल रहे

### परमात्मा से मजबूत रिश्ता जोड़ें

अयोध्या से आई मानस मर्मज्ञ दीदी माँ मानस मंदाकिनी ने कहा कि परमात्मा हमारी मदद के लिए हर समय तत्पर रहते हैं. संसार के सारे संबंधों को एक तरफ रखकर हम केवल एक परमात्मा के साथ ही अपना मजबूत रिश्ता जोड़ लें तो जीवन धन्य हो जाएगा. गीता आत्मा को शुद्ध करने का वैचारिक यज्ञ है. आनंद और शांति की अनुभूति तभी संभव है, जब हम स्वयं अंत:करण से शुद्ध हो जाएंगे. गीता उस मां की तरह है, जो अपनी शरण में आने वाले हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के बच्चे की तरह संभालकर रखती है और जीवन संग्राम में चलना सीखा देती है.

इस सम्मेलन में बुधवार को उज्जैन से आए संत परमानंद, वृंदावन से आए स्वामी वृंदावन दास, उदयपुर से आए स्वामी चेतनराम, नैमिषारण्य से आए स्वामी पुरुषोत्तमानंद सरस्वती, जोधपुर से आए रामस्नेही संत हरिराम शास्त्री, अयोध्या से आई सुश्री आहुति शुक्ला, दीदी माँ मानस मंदाकिनी (अयोध्या), वाराणसी से आए कृष्णानंद सरस्वती ने विभिन्न ज्वलंत विषयों पर अपनी ओजस्वी और दिव्य विचार व्यक्त किए. प्रारंभ में गीता भवन ट्रस्ट मंडल की ओर से अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, मनोहर बाहेती, प्रेमचंद गोयल, महेशचंद्र शास्त्री, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया, हरीश माहेश्वरी, संजीव कोहली, राजेश गर्ग केटी आदि ने संतों एवं विद्वानों का स्वागत किया। सत्संग समिति की ओर से विष्णु बिंदल, सुरेश शाहरा, रामकिशोर राठी, श्याम मोमबत्ती, प्रदीप अग्रवाल, अरविन्द नागपाल, चंद्रप्रकाश गुप्ता, त्रिलोकीनाथ कपूर, सुभाष झंवर, अर्चना एरन आदि ने सभी संतों की अगवानी की. मंच का संचालन डाकोर से आए वेदांताचार्य स्वामी देवकीनंदन दास एवं गोंडा से आए पं. प्रह्लाद मिश्र रामायणी ने किया. अ.भा. गीता जयंती महोत्सव में 4 दिसम्बर को विभिन्न संतों के प्रवचनों के बाद अध्यक्षीय आशीर्वचन के साथ महोत्सव का समापन होगा.

# एयरपोर्ट पार्किंग में अव्यवस्था से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

**फ्रीपिक-ड्रॉप पर वसूली का आरोप**

इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पार्किंग व्यवस्था को लेकर यात्रियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. फ्री पिक एंड ड्रॉप के लिए तय सात मिनट का समय जाम के कारण निकल जाने पर यात्रियों से जबरन शुल्क वसूलने की शिकायत सीधे प्रधानमंत्री तक पहुंच गई है. यात्रियों का आरोप है कि पार्किंग कर्मचारी जानबूझकर वाहन कतारों को नहीं खोलते, जिससे जाम लगता है और समय पूरा होते ही वसूली शुरू कर दी जाती है.

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तरुण महाजन नामक युवक ने वीडियो पोस्ट कर कहा कि एयरपोर्ट के अव्यवस्थित ट्रैफिक मैनेजमेंट के कारण जाम लगता है, ऐसे में उसकी जिम्मेदारी यात्रियों पर नहीं डाली जा सकती. वीडियो में वे पार्किंग कर्मचारी से पूछते दिखते हैं कि यदि जाम एयरपोर्ट प्रबंधन की लापरवाही से लगा है तो शुल्क क्यों लिया जाए? महाजन का कहना है कि ऐसी स्थिति में या तो फ्री पिक एंड ड्रॉप सुविधा बंद कर दें या व्यवस्था सुधारी जाए.

### एयरपोर्ट प्रशासन ने जताया खेद

शिकायत पर एयरपोर्ट प्रशासन ने प्रतिक्रिया देते हुए असुविधा के लिए खेद जताया और बताया कि पीक समय में भीड़ के कारण कभी-कभी पिकअप एंड ड्रॉप जोन से बाहर निकलने में देरी हो सकती है. प्रशासन ने वाहन नंबर, तारीख और समय भेजने का आग्रह करते हुए कहा कि टीम सीसीटीवी रिकॉर्डिंग चेक कर समाधान सुनिश्चित करेगी.

### अलग से एग्जिट लेन की जरूरत

यात्रियों का कहना है कि यह समस्या रोज की है और सिस्टम में सुधार किए बिना केवल विवरण मांगना पर्याप्त नहीं है. यात्रियों ने मांग की है कि या तो जाम की स्थिति को नियंत्रित किया जाए या पिकअप एंड ड्रॉप की 7 मिनट की विंडो को बढ़ाया जाए या पिक एंड ड्रॉप के लिए अलग से एक एक्जिट लेन बनाई जाए, ताकि यात्रियों से मनमाने तरीके से शुल्क ना लिया जा सके.

# राम के साथ क्रांतिकारियों की कथा भी सुनाना होगी

- श्रीराम शौर्य कथा में आचार्य शांतनु महाराज के ओजस्वी आशीर्वचन
- दशहरा मैदान पर शिवलिंग के जलाभिषेक के लिए लगी कतारें





इंदौर. देश के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाली कथाओं में धर्म की जय और अधर्म का नाश होने के उद्घोष तो लगभग सभी कथावाचक कराते हैं लेकिन यह समझ में नहीं आता कि देश के लिए शहीद होने वाले हमारे रणबांकुरों भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के शौर्य का जयघोष और उनके बलिदान की कथाएँ क्यों नहीं सुनाई जाती.

आज हमारी हालत यह है कि धर्म की जय भले ही कितने ही जोर से बोली जाए, न तो एक मच्छर मार सकते हैं और न ही कुत्ते को भगा सकते हैं. देश के क्रांतिकारियों के बलिदानों को हमने भुला दिया है. राम कथा के साथ देश के क्रांतिकारियों की कथा भी सुनाना होगी, तभी सही मायने में हम अपने सनातन धर्म की रक्षा और आतंक एवं अधर्म का नाश करने लायक बन सकेंगे.

ये विचार हैं अयोध्या से आए विश्व विख्यात मानस मर्मज्ञ आचार्य शांतनु महाराज के जो उन्होंने बुधवार को दशहरा मैदान स्थित रामायण वाटिका पर छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं श्री अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीराम शौर्य कथा के दूसरे दिन उपस्थित भक्तों के सैलाब को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से प्रख्यात कथा वाचक साध्वी विष्णुप्रिया के साथ गोपाल गोयल, किशोर गोयल, संजय बांकडा, दुर्गेश अग्रवाल, मुकेश बृजवासी, संदीप गोयल, पिंकेश मोदी, रजनीश अग्रवाल, अमित सोनी सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिकों और धार्मिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने व्यास पीठ का पूजन किया. कथा स्थल पर गुजरात के कलाकारों द्वारा 1.51 रुद्राक्ष से निर्मित 13 फीट ऊँचे शिवलिंग के जलाभिषेक के लिए भी सुबह से भक्तों की कतारे लगी रही. देर शाम तक 2 हजार से अधिक भक्तों ने शिवजी के जलाभिषेक का पुण्यलाभ उठाया. कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी तथा शिवलिंग का जलाभिषेक सुबह 7.30 बजे से शाम 6 बजे तक प्रतिदिन 8 दिसम्बर तक हो सकेगा.

### शिव और पार्वती सर्वश्रेष्ठ गृहस्थ

आचार्य शांतनु महाराज ने शिव-पार्वती प्रसंग की कथा का संदर्भ देते हुए कहा कि पत्नी नौकरानी या दासी नहीं होती, शिव और पार्वती सर्वश्रेष्ठ गृहस्थ हैं. वे एकांत में भी भौतिक पदार्थों की नहीं बल्कि राम के ब्रह्मतत्व की चर्चा करते हैं। राम कथा जगत के कल्याण की कथा है. जब पार्वती ने शिवजी से ब्रह्मतत्व के बारे में पूछा तो भगवान शिव के हृदय में प्रभु श्रीराम के दर्शन हो गए. वे समाधिष्ट हो गए. समाधि कई तरह की होती है. दशहरा मैदान पर बैठे-बैठे भी हम अपने घर के अपने कमरे, अलमारी, गहनों और अन्य चीजों को देख सकते हैं. इसी का नाम समाधि है.

# 11 मामलों का तुरंत समाधान, 4 प्रकरणों में 24.65 लाख रुपए वापस दिलाए

**आपसी व पारिवारिक विवादों में सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र ने कायम की मिसाल**




नव भारत न्यूज

इंदौर. आपसी और पारिवारिक विवादों को बिना कानूनी प्रक्रिया के सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने की दिशा में इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र ने एक बार फिर मिसाल पेश की है. बुधवार को हुई सुनवाई में 11 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया, जिनमें 4 प्रकरणों में 24 लाख 65 हजार रुपए की राशि आवेदकों को दिलवाई.

पुलिस आयुक्त के निर्देशन में सामान्य विवादों के तुरंत समाधान के उद्देश्य से शहर में संचालित सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में छोटी-छोटी पारिवारिक समस्या, लेन-देन विवाद, पड़ोसी से झगड़े और अन्य मामूली सिविल मामलों को आपसी समझौते के जरिये हल करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है. हाल ही में पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों को मध्यस्थता केंद्र को सौंपा था. जिसमें 31 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए टीम ने 11 मामलों में आपसी समझौता करवाया, वहीं इनमें चार प्रकरण ऐसे थे, जिनमें 24 लाख 65 हजार रुपए की राशि आवेदकों को चेक के माध्यम से दिलवाई गई.

**बिना कानूनी प्रक्रिया के तुरंत राहत देने में कारगर साबित हो रहा केंद्र**-इस केंद्र की टीम प्रशिक्षित मध्यस्थों की मदद से पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर समस्याओं के समाधान में सेतु का काम कर रही है. यह व्यवस्था बिना कानूनी प्रक्रिया के लोगों को तुरंत राहत देने में कारगर साबित हो रही है. इस केंद्र ने वर्ष 2024-25 में अब तक 48 प्रकरणों का निपटारा करते हुए 2 करोड़ 71 लाख 48 हजार 800 रुपए की राशि आवेदकों को वापस दिलवाई है. यह उपलब्धि पुलिस की पहल को आमजन के लिए बेहद लाभकारी बना रही है.

### केंद्र में निपटाए गए प्रमुख मामले...

सचिन अग्रवाल, पलसीकर कॉलोनी, लेन-देन विवाद में मध्यस्थता टीम ने आवेदक को अनावेदक विजय कुमार जैसवानी से 21 लाख 57 हजार 055 रुपए चेक द्वारा दिलवाए. वहीं मेजेस्टिक नगर में रहने वाले अनीस खान को चंद्रशेखर मीणा से 2 लाख 85 हजार रुपए चेक के माध्यम से भुगतान करवाया. साथ ही नंदबाग कॉलोनी में रहने वाले मनीष मौर्य को संगम महिला मंडल संबंधी विवाद में 18 हजार रुपए दिलवाए गए. जबकि परदेशीपुरा में रहने वाली कल्पना को मां-बेटे के विवाद में मध्यस्थता कर पुत्र प्रवीण द्वारा मां को हर महीने 5 हजार रुपए भरण-पोषण देने की सहमति करवाई.

# बुजुर्ग महिला से ठगी करने वाला कार चालक 24 घंटे में धराया

इंदौर. शहर में महिलाओं को निशाना बनाकर हो रही ठगी पर नकेल कसने के निर्देशों के बीच पुलिस ने मरीमाता क्षेत्र में 70 वर्षीय महिला से हुई वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को महज एक दिन में पकड़ लिया. आरोपी बुजुर्ग महिला को सुनसान जगह ले जाकर सोने के टॉप्स और नकदी ठगकर फरार हुआ था, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

एएसपी विवेक सिंह चौहान ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर महिलाओं से होने वाली ठगी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष सतर्कता बढ़ाई गई थी. जिसके तहत मंगलवार को ग्राम बासखेड़ी, जिला उज्जैन की 70 वर्षीय छोटीबाई शिंदे मरीमाता चौराहे पर कहीं जाने के लिए खड़ी थीं. तभी सफेद कार चालक उनके पास पहुंचा और गंतव्य पूछकर उन्हें बागड़दा रोड छोड़ने का बहाना बनाकर अपनी कार में बैठा लिया. कार में बैठाकर आरोपी उन्हें सुनसान इलाके में ले गया और बातचीत में उलझाकर उनके सोने के टॉप्स और 1300 रुपए लेकर महिला को कार से उतारकर भाग निकला. महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर सदर बाजार थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई.

### पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र से मिली कामयाबी

थाना प्रभारी प्रशांत बड़ोले के निर्देशन में अज्ञात कार चालक की तलाश के लिए टीम बनाई गई. टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की जानकारी के आधार पर कार की पहचान करते हुए आरोपी का पता खजुराबाद कॉलोनी, खजराना में लगाया. सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी 28 वर्षीय आदिल पिता जाहिर अली निवासी 13 खिजराबाद कॉलोनी खजराना को गिरफ्तार कर उससे सोने के टॉप्स, 1300 रुपए नकद और वारदात में उपयोग की गई स्विफ्ट डिजायर कार एमपी 09 एपी 0938 जब्त कर ली, पुलिस आरोपी से अन्य मामलों में भी पूछताछ कर रही है.

# क्राईम ब्रांच ने ड्रग्स तस्कर को पकड़ा, 53.39 ग्राम ड्रग्स जब्त

इंदौर. शहर में नशे के कारोबार पर नकेल कसते हुए क्राईम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई कर एमडी की सप्लाई में लगे आरोपी को दबोच लिया. आरोपी के कब्जे से 53.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी जब्त किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 5.50 लाख रुपए बताई जा रही है. पुलिस ने आरोपी से एक सफेद स्कूटी सहित 6 लाख का मशरूका बरामद किया है.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर शहर में नशे के खिलाफ सख्ती के तहत क्राईम ब्रांच लगातार दबिश दे रही है. इसी अभियान के दौरान पुलिस टीम को पत्थर गोदाम रोड स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय के सामने एक युवक संदिग्ध हालत में स्कूटी के साथ खड़ा मिला खजराना में रहने वाला अमजद पिता जाफिर बेग पूछताछ के दौरान युवक घबराया, जिस पर उसे रोका, तलाशी में उसके पास एमडी बरामद होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के कब्जे से 5 लाख 50 हजार रुपए कीमत की 53.39 ग्राम ड्रग्स और एक सफेद स्कूटी जब्त की है.

### इस साल अब तक पकड़े गए 170 आरोपी

पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह एमडी सस्ते दामों पर खरीदकर शहर के नशे के आदी युवाओं को अधिक कीमत पर बेचता था. इसी सप्लाई चैन के तहत वह माल लेकर ग्राहकों से मिलने पहुंचा था. क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2025 में अब तक 100 से अधिक कार्रवाई कर 170 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनसे 4 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक का अवैध माल जब्त किया जा चुका है, बावजूद इसके नशे का नेटवर्क शहर में लगातार सक्रिय बना हुआ है.

**एक नजर में** — शीतलनाथ जैन मंदिर पर 4 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

# प्राण प्रतिष्ठा जैसे आयोजन मानव समाज को चैतन्य बनाएंगे



इंदौर. जिन शासन के आदर्श सिद्धांतों ने समूचे विश्व का मार्गदर्शन किया है. सत्य, अहिंसा और करुणा जैसे सिद्धांतों की वर्तमान युग में महती आवश्यकता महसूस हो रही है. आज के दौर में जब समाज में धर्म और संस्कृति के प्रति अत्यधिक निष्ठा और लगाव की जरूरत है, तब मंदिर और जिनालयों में प्राण प्रतिष्ठा जैसे आयोजन हमारे समूचे मानव समाज को चेतन्य एवं ऊर्जावान बनाएँगे, इसमें कोई संशय नहीं होना चाहिए.

ये विचार हैं आचार्य विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर, आचार्य विजय जिन सुंदर सूरीश्वर, आचार्य विजय धर्मबोधि सूरीश्वर के जो उन्होंने द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन मंदिर पर आयोजित 4 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ प्रसंग पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा, सचिव चेतन भंडारी एवं अजय जैन ने बताया कि सुबह सुबह फूटी कोठी स्थित बालाजी गार्डन से मंदिर प्रांगन तक भव्य मंगल प्रवेश जुलूस भी निकाला गया. जुलूस में मंदिर परिवार से जुड़े अमृत मूणत, सतीश जैन, अजय जैन, समता जैन, नितिन बाबेल, विशाल तितलिया, जितेन्द्र मुराद, रितेश सेखावत एवं वर्धमान मूथा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु नाचते-गाते हुए शामिल हुए. इसके पूर्व मंदिर पहुँचने पर नवकारसी के बाद आचार्य विजय पदमभूषण रत्न सूरीश्वर के संयम जीवन में प्रवेश का 48वां उत्सव भी मनाया गया. द्वारकापुरी मंदिर पर दोपहर में जलयात्रा एवं कुंभ स्थापना, दीपक स्थापना, जवारा रोपण, पाटला पूजन एवं लघुनंदा व्रत पूजन, नवग्रह पूजन, अष्टमगल पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, भैरव पूजन के बाद बालाजी गार्डन पर स्वामी वात्सल्य हुआ. इस अवसर पर शीतलनाथ युवा मित्र मंडल की ओर से अध्यक्ष नितिन बाबेल, सचिव विशाल पीतलिया तथा शीतलनाथ महिला मंडल की ओर से श्रीमती समता तरवेचा एवं चन्दन जैन ने बताया कि द्वारकापुरी श्रीसंघ को नूतन मुनिराज कलश पुण्यविजय म.सा. की बड़ी दीक्षा का भी सौभाग्य मिल रहा है. यह बड़ी दीक्षा 5 दिसम्बर को होगी.

### आज निकलेगी भव्य रथ यात्रा

मार्गदर्शन में महोत्सव की विभिन्न समितियों द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 4 दिसम्बर को सुबह 6 बजे से देवी पूजन, 7.30 बजे नवकारसी और 8.30 बजे से भव्य रथ यात्रा के बाद दोपहर 12.39 बजे से अठारह अभिषेक महापूजन के बाद दोपहर 2 से 4 बजे तक महाचौबीसी एवं मेहँदी वितरण तथा शाम 7 बजे भक्ति संगीत के आयोजन मंदिर परिसर में होंगे, जिसमें जयपुर के प्रसिद्द गीतकार राजीव विजयवर्गीय और उनकी टीम प्रस्तुतियां देंगी.